प्रकाशन की तिथी 26, अगस्त 2016 वर्ष-31 अंक 9 सितम्बर, 2016 मूल्य ₹10

प्राकृतिक चिकित्सा पर आधारित स्वास्थ्य की मासिक पत्रिका

Organ of Akhil Bhartiya Prakritik Chikitsa Parishad

परिषद् प्रभा

PARISHAD PRABHA

कुल पृष्ठ संख्या 28 कवर सहित

वक्रतुंड महाकाय कोटिसूर्यसमप्रभ।
निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा।।

सभी पाठकों को राधा अष्टमी की शुभकामनाएं

सम्पादकीय

प्रतिस्पर्धी भोगी वैश्विक व्यवसायिक युग में विश्वसनीय लाभकारी उपभोग की कल्पना आज के युग में संभव होना समझ से परे है।

बौद्धिक कौशल के लिए ज्ञान, ज्ञान के लिए शिक्षा एवं आरोग्य के लिए आवश्यकतानुरूप तत्काल लाभकारी चिकित्सा की उपलब्धता मानवीय संस्कृति एवं सभ्यता की अनिवार्य आवश्यकता रही है। इसीलिए समाजशात्रियों ने स्वस्थ समृद्ध समाज की कामना करने वाले विचार को सतत् सर्व सुलभ उपलब्ध कराने एवं बनाने का संकल्प व्यक्त किया है। इसीलिए समाज एवं सत्ता के संचालकों/शासकों द्वारा इसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता रहा है। हमारे युग पुरूषों द्वारा संचालित गुरूकुल व आरोग्यधाम जैसी अनेकों संस्थायें इसकी साक्षात् प्रमाण रही हैं। सामाजिक ताना–बाना भी पारस्परिक प्रेम एवं सौहार्द की बुनियाद पर चलता रहा है। संस्कृतियों एवं सस्कारों ने विकास के नये आयाम स्थापित किये। विकास के इसी क्रम से बिछुड़े समाज में एक गैर बराबरी के समाज का भी निर्माण हुआ।

आजादी के 70 वर्षों के बाद भी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को भारत की राष्ट्रीय (राजकीय) चिकित्सा पद्धति घोषित करने का गाँधी का संकल्प आज भी अधूरा है। योग के गुणगान के बाद भी हमारे सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम आधुनिक चिकित्सा पद्ध तियों से ही संचालित हो रहे हैं। आयुष मंत्रालय के गठन के बाद भी आयुष पद्धतियों की स्थिति के बहुत सुधरने की संभावना भी नहीं दिख रही। आधुनिक चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञों के मानकीकरण हेतु गठित संस्था मेडिकल कौंसिल आफ इण्डिया में व्याप्त खामियों से कहीं ज्यादा विवाद आयुष के शासकीय प्राधिकरणों में सामने आ रही हैं।

पूरा शासकीय आयुषतंत्र बैसाखियों के सहारे आधुनिक चिकित्सा तंत्र के सामानान्तर विकसित होने का ख्वाब देख रहा है। आयुष को विकास की वैतरणी पार कराने के लिए संचालित शासकीय प्रयासों के साथ ही हम शुभ चिंतकों की भी स्थिति सोचनीय है। होम्योपैथी के अस्तित्व पर वैश्विक प्रश्नचिन्ह लगने के बाद आज हमारी अन्य आयुष पद्धतियों की भी विश्वसनियता पर वैश्विक प्रश्न चिन्ह खड़ा है।

योग गुरूओं द्वारा योग को सभी रोगों के निदान में समर्थ बताने के बाद भी आयुर्वेद की औषधियों की सलाह देना व बेचना इसी बात की बागनी है। हमारी भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जुड़ी समृद्ध उपयोगी परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों के विलुप्त हो रहे ज्ञान के कारण इसके प्रति विश्वसनीयता समाप्त हो चली है। आयुष के तथाकथित विशेषज्ञों द्वारा अपनी पद्धति में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के घाल–मेल किये जाने से आयुष का वास्तविक स्वरूप भी नष्ट हुआ है। आज बड़े–2 आयुष के चिकित्सा संस्थान इन्ही परिस्थितियों में खाली या बंद होते जा रहे है। गुरूकुल आधारित आयुष के आरोग्य धामों के बंद होने से आयुष के गुणी लोगों की संस्था नगण्य होती जा रही है। शासकीय संरक्षण में संचालित आयुष के मेडिकल कालेजों, संस्थानों के निपुण विशेषज्ञों का आधुनिक चिकित्सा संस्थानों में आधुनिक चिकित्सा का कार्य करते हुए झोलाछाप जैसे विशेषणों से विभूषित होना सोचनीय है। अभी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के राष्ट्रीय विधिक नियामक प्राधिकरणों का गठन भी नहीं हुआ, इसके पहले ही आयुष की अन्य पद्ध तियों के अनुरूप संस्थाओं की भरमार हो गयी। आज इन संस्थाओं से निकले विशेषज्ञ भी स्पा एवं रिजॉर्ट जैसे शरीर सौष्ठव केन्द्रों में अपनी सेवाएं दे रहे है।

आज शासकीय मान्यता होते हुए भी आयुष का चिकित्सा विज्ञान आमजन की बीमारी से निजाद दिलाने में अक्षम साबित हो रहा है। शासकीय मान्यताओं के बाद भी आयुष चिकित्सकों के प्रति समाज की निष्ठा एवं विश्वास में गिरावट आयी है। आज आयुष को समृद्ध एवं लोकोपयोगी बनाने के लिए आवश्यकता है, दक्ष कुशल ज्ञान की। हमें शासकीय मान्यताओं की परवाह न करते हुए अपनी गुणवत्ता को विकसित करने की भारतीय परम्परा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके लिए आवश्यकता है लोक निर्मित एवं समर्पित गुरूकुल आरोग्य पीठों की। सम्भवतः इसी आवश्यकता का पूर्वाभास करते हुए आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ की स्थापना दिल्ली में की थी। योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा गाँधी की समर्पित रचनात्मक लोक आरोग्य साधना का ही प्रतिफल है। यह अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद अपने इन्हीं उद्देश्यों के अनुरूप असरकारी कुदरती आरोग्य साधना की अनेकों प्रवृत्तियों का संचालन करती है। इस सामाजिक संस्था के साथ आजमन का संवाद स्थापित करने का निमित्त है, यह परिषद प्रभा। आप सभी सुधी शुभ चिंतकों, आरोग्य साधकों के सहयोग एवं मार्गदर्शन के बिना यह कार्य कठिन एवं दुष्कर है। इसी निमित्त एवं आपके सहयोग की अभिलाषा में.....आपका ही

संपादक.....

समाचार दर्पण

महामंत्री को भ्रातृशोक एवं स्वयं दुर्घटना में घायल–परिषद के महामंत्री डा0 अवधेश मिश्र के अनुज राजेश कुमार मिश्र उर्फ दीपक (उम्र 45 वर्ष) का मस्तिष्कघात से दिनाँक 6.08.2016 को सांयकाल 07:53 मिनट पर सहारा हास्पिटल लखनऊ में आकस्मिक निधन हो गया। शवयात्रा वाहन की एक ट्रक से टक्कर होने से श्री मिश्र जी को गंभीर चोटें आयी एवं दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया। परिषद परिवार ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति एवं परिवार को इस महाघात के सहने की शक्ति देने की प्रार्थना करता है। श्री मिश्र पारिवारिक आघातों के बीच आवश्यक संस्कारों को करने के साथ स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

वरिष्ठतम प्राकृतिक चिकित्सक डा0 लीलावरा ब्रह्मलीन हुये–96 वर्षीय डा0 लीलावरा ने डिब्रूगढ़ आसाम में जून 2016 में अंतिम सांसे ली। गांधी की रचनात्मक प्रवृत्तियों का सतत् प्रचार–प्रसार करते हुए डा0 लीलावरा ने डिब्रूगढ़ आसाम में मद्यनिषेध की एक सभा को संबोधित करने के पश्चात् अंतिम सांस ली। डा0 लीलावरा के अंतिम दर्शन के पश्चात् उनके संकल्प को पूर्ण करने हेतु उनके संपूर्ण शरीर को शासकीय चिकित्सा संस्थान को शोध कार्य हेतु समर्पित कर दिया गया। आपने प्राकृतिक चिकित्सा को एक नयी दिशा के साथ आमजन तक गांधी वादी रूप में प्रस्तुत करने के सतत् प्रयास किये। आपके पुत्र आपके विचारों को आगे बढ़ाने में सतत् तल्लीन है। परिषद परिवार ईश्वर से ब्रह्मलीन आत्मा की शांति व परिवार को इस महाघात को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना करता है। इस दुःख की घड़ी में परिषद आपके परिवार के साथ है।

प्राकृतिक चिकित्सा के कालजयी योगी डा0 वीरेन्द्र वर्मा (जन्म 11.08.1922 टीकापट्टी, पूर्णिया, बिहार) नहीं रहे–पूरे देश के विभिन्न प्रतिष्ठित प्राकृतिक चिकित्सालयों को संचालन से जुड़े रहे डा0 वर्मा ने सिलीगुड़ी बंगाल में एक प्रतिष्ठित चिकित्सालय की स्थापना की थी। इसी क्रम में समाज के अंतिम जन तक अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक अपनी सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से पिपरीथान, बिहार के ग्रामीण परिवेश में एक सुव्यवस्थित प्राकृतिक चिकित्सालय की आधारशिला रखी। इसी चिकित्सालय के माध्यम से अनवरत सेवा करते हुए दि0 07.08.16 को पिपरीथान में डा0 वीरेन्द्र वर्मा ने अपनी जीवन यात्रा का को विराम दिया। श्री वर्मा अपने पीछे अपना पुत्र–पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार अपने कार्यों को करने के लिए समर्पित कर गये है। परिषद परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति दे और उनके परिवार को इस महाघात को सहने का साहस दे।

इस दुःख की घड़ी में पूरा परिषद परिवार तन–मन–धन से आपके परिवार के साथ है। आपके पुत्र डा0 राजीव वर्मा के माध्यम से आपका यह कार्य व साधना अनवरत् समाज में जाग्रत रहेगी, ऐसा विश्वास है।

आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार ने राज्य के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराने के लिए 15 मिनट का योग प्रशिक्षक पाठ्यक्रम तैयार करने हेतु चार सदस्यीय समिति गठित की–समिति में राजस्थान परिषद के डा0 शिवकुमार शर्मा(सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेद अधिकारी हनुमानगढ़) को मनोनीत किया गया है। इसी प्रकार डा0 शिव कुमार शर्मा को डा0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा ओम शिव संस्थान योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा विश्वविद्यालय, मंगवाढ़ चौराहा, चित्तौड़गढ़ की सम्बद्धता हेतु गठित निरीक्षण समिति में भी मनोनीत किया गया है।

अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के कार्यों का मानकीकरण प्रारम्भ–परिषद अपने कार्यों के लोकोपयोगी, पारदर्शी, अत्याधुनिक तकनीकि युक्त सर्वमान्य व उद्देश्यपूर्ण बनाने की दृष्टि से अपने पूरे कार्य को कम्प्यूटर वेबसाईट, डिजिटल अध्ययन सामाग्री युक्त व पारदर्शी बनाने के लिए सतत् प्रयासरत् है। परिषद की वेबसाईट yognature.org आदि को उच्चीकृत कराने का कार्य द्रुतगति से चल रहा है। अपनी परिक्षाओं को भी मान्य एवं मानकीकृत करने की दृष्टि से केन्द्रीकृत शिक्षण–प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन की व्यवस्था परिषद व सरकार की विवरणिका, विधान एवं मानक अनुरूप समोन्नत करने के प्रयास जून 2016 से प्रारम्भ हो चुके है। सम्बद्ध संस्थाओं के संचालित अध्ययन केंद्रों के प्रशिक्षार्थियों हेतु कोड व लागइन पासवर्ड आदि का भी सृजन प्रारम्भ हो गया है। प्रशिक्षण–मूल्यांकन सुविधा सृजन हेतु सम्बद्ध संस्थाओं को दिये जाने वाले 25: व्यवस्था छूट को स्थगित करते हुए मुल्यांकन केन्द्रों हेतु निर्धारित व्यवस्था व्यय की सम्पूर्ण प्रतिपूर्ति परिषद द्वारा किये जाने की व्यवस्था बनायी गयी है। प्रशिक्षार्थियों के आवेदन अग्रसरण हेतु 200रू0 का शुल्क भी निर्धारित है। जून 2017 से संचालित परिषद के विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को क्रमानुसार अध्ययन सामग्री से जोड़ते हुए सेमेस्टर प्रणाली से किया जाना है। परिषद अपने सभी प्रशिक्षार्थियों का नामांकन करने के उपरान्त ही सेमेस्टार प्रणाली से जोड़ने की प्रक्रिया अपनायेगी। परिषद सभी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को गुणवत्ता पूर्ण बनाने के लिए दूरस्थ पद्धति के अनुरूप मानकीकृत व्यवस्थाओं को अमल में ला रही है।

इस पूरे कार्य में सहयोग हेतु सभी संबध संस्थाओं से सुझाव व आवश्यक जानकारियां मांगी गई है। सभी पाठकों के भी सुझावों का स्वागत है।

CCRYN रोहिणी दिल्ली में संचालित अंतःरोगी प्राकृतिक एवं योग चिकित्सालय मे DNYS III वर्ष के दक्ष उत्तीर्ण छात्रों की व्यवहारिक अनुभव (Internshi) प्रदान करने पर सहमत–CCRYN उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के अतिरिक्त अन्य प्रशिक्षार्थियों को भी प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करा सकती है। इच्छुक प्रशिक्षार्थी अपने पूर्ण प्रमाणिक अभिलेखों सहित परिषद कार्यालय में तत्काल सम्पर्क करें।

फरवरी 2017 को भुज, गुजरात में प्रस्तावित परिषद के 36वें महाधिवेशन की सहभागिता हेतु अवसर–अवगत हो कि परिषद उक्त अधिवेशन का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा एवं समापन माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कराने हेतु प्रयासरत् है। समारोह आयोजन की अध्यक्षता मा0 मुख्यमंत्री गुजरात राज्य एवं मा0 राज्यमंत्री आयुष स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार द्वारा नियोजित किया जाना भी प्रस्तावित है। आयोजन को सुव्यवस्थित करने की दृष्टि से सभी प्रतिभागियों का पूर्व पंजीकरण उनकी सहभागिता की प्रकृति के अनुरूप किया जाना है। कार्यक्रम में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने की प्रकृति का विस्तृत विवरण, सम्मेलन में दिये जाने वाले अपने व्याख्यान/शोधपत्र का पूर्ण प्रारूप अपने बायोडाटा एवं दो फोटो सहित 30 सितम्बर तक दिया जाना अनिवार्य है। प्रतिभागी अपने शोधपत्र व्याख्यान, निदान, तकनीक का सजीव प्रदर्शन कर सकते है। इस हेतु आपको अपना पूर्ण प्रस्तुतीकरण आलेख चित्र सहित टाइप कराकर हार्ड एवं साफ्ट रूप में प्रेषित करना होगा। इसी प्रकार प्रकाशित हो रही महासम्मेलन पत्रिका**(उल्लास)** हेतु आप अपने लेख व शोध प्रबन्ध, विज्ञापन आदि भेज सकते हैं। विज्ञापन शुल्क रंगीन एक पृष्ठ रू0 20,000 व एक रंग में 12,000 प्रस्तावित है। शुल्क डी.डी के माध्यम से ही स्वीकार्य होगें। प्रतिभागी महाधिवेशन स्थल पर आयोजित चिकित्सा शिविर, प्रदर्शनी आदि में भी सहभागिता कर सकते है। परिषद के सम्मानित सदस्यों एवं प्रतिनिधियों हेतु प्रतिनिधि शुल्क 500रू0 निर्धारित है। अन्य प्रतिभागियों हेतु 700रू0 प्रति प्रतिभागी निर्धारित है। जिसमें 3 दिन का आश्रम पद्धति के अनुरूप सामूहिक आवास, भोजन, व किट की व्यवस्था होगी। विशेष निजी आवास हेतु आपको पृथक आरक्षण कराना होगा जिसकी जानकारी परिषद कार्यालय से की जा सकती हैं।

केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली बाह्य/10,20,30,50,100 अन्तः रोगी चिकित्सालय, की स्थापना एवं संचालन हेतु क्रमशः 5,10,20,30,50,80 लाख रूपये प्रतिवर्ष (अधिकतम 5 वर्षों तक) के अनुदान देने हेतु अपने निर्धारित नियमों एवं मापदण्डों के अनुरूप निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन आमंत्रित करता है। इस हेतु ccryn.org या परिषद की वेबसाईट yognature.org का अवलोकन करें।

■ **श्रीभगवान चौपड़ियावाला**

प्राकृतिक चिकित्सा–सबसे सरल, सहज व सस्ती स्वस्थ्य की पद्धति

प्राकृतिक चिकित्सा का आधार

■ ऋषिराम गोयल

जब सर्वव्यापी सर्वशक्तिमान निराकार व निर्गुण श्री हरि की रचना करने की इच्छा हुई तो वे पाँच भागों में विभक्त होकर भगवान बन गए अर्थात् भ=भूमि ग = गगन, व = वायु, अ = अग्नि तथा न = नीर। ये पाँच भाग ही पंच तत्व अथवा पाँच महाभूत हैं जो सृष्टि के समस्त जीव प्राणियों तथा पदार्थों में व्याप्त हैं। सभी चर, अचर, जड़-जंगम इन्हीं से बने हैं।

पंच महाभूतों के गुण

1. आकाश–जिसका गुण शब्द, इन्द्रीय श्रवण तथा रंग है हल्का नीला। शरीर में स्थान बरौनी से ऊपर का भाग।

2. वायु–जिसमें 2 गुण शब्द + स्पर्श है। इन्द्रीय त्वचा, शरीर में स्थान है। हृदय से बरौनी तक तथा रंग है हरा।

3. अग्नि–जिसमें तीन गुण–शब्द + स्पर्श + रूप है। इन्द्रीय नेत्र शरीर में स्थान गुदा से हृदय तक तथा रंग है लाल।

4. जल–जल गुण शब्द + स्पर्श + रूप + रस हैं। इन्द्रीय है जिव्हा। शरीर में स्थान घुटनों से गुदा तक तथा रंग है गहरा नीला।

5. पृथ्वी–जिसमें पाँच गुण हैं–शब्द + स्पर्श + रूप + रस + गंध हैं। इन्द्रीय है नासिका। शरीर में स्थान है पैरों से घुटनों तक तथा रंग है पीला।

इन पाँचों तत्वों से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है वह निराकार सर्वव्यापी शक्ति जिससे ये पाँचों भूत उत्पन्न हुए हैं। गाँधी जी के अनुसार यह शक्ति राम नाम है।

(दशरथ पुत्र राम नहीं)–सर्वव्यापी राम है निराकार ब्रह्म अथवा प्रत्येक व्यक्ति को धर्म, आस्था तथा विश्वास के अनुरूप सर्व शक्तिमान जिसे प्रकृति भी कह सकते हैं। अर्थात् आध्यात्मिक चेतना को विकसित करके तथा आत्मा परमात्मा का योग इस पद्धति में स्वास्थ्य की कुंजी है।

इन पंचभूतों/तत्वों का संतुलन बिगड़ने से स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। किसी एक तत्व की कमी से व्यक्ति रोग ग्रस्त हो जाता है। अतः इन पंच तत्वों के विषय में कुछ संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत है।

1. आकाशः–

सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का आधार है कोशिकाओं तथा त्वचा के छिद्रों के बीच खाली स्थान भी आकाश है। परन्तु इसका विशेष स्थान सिर, कण्ठ, हृदय, उदर व कटि प्रदेश हैं। इस तत्व के कमजोर होने से शोक, काम, क्रोध, मोह एवं भय तथा व इससे पैदा होने वाले रोग तथा पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। आकाश तत्व को आरोग्य सम्राट भी कहा जाता है। आकाश तत्व की वृद्धि के उपाय ब्रह्मचर्य, संयम, सदाचार, मानसिक अनुशासन एवं संतुलन, विश्राम, शिथलीकरण, गहरी नींद, प्रसन्न चित्त रहना तथा स्वस्थ मनोरंजन आदि हैं।

उपवास इस तत्व की कमी दूर करने का सबसे महत्वपूर्ण उपचार है। उपवास से ज्वर, संग्रहणी, पेचिश, दस्त, सर्दी, जुकाम, फोड़े, फुन्सी, चेचक आदि तीव्र रोग तथा बहु मूत्र, गठिया, अजीर्ण, कब्ज, मोटापा आदि जीर्ण रोग भी ठीक हो जाते हैं तथा जीवन शक्ति बढ़ती है।

2. वायुः–

वायु तत्व शरीर के सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। व्यक्ति भोजन तथा जल के कुछ दिन तक जीवित रह सकता है। परन्तु बिना वायु के नहीं। वायु में ऑक्सीजन, जलवाष्प के अतिरिक्त कार्बन डाईआक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन, धूलकण तथा अन्य गैसीय तथा ठोस पदार्थ भी मिले होते हैं। श्वास के द्वारा आक्सीजन नासिका रन्ध्रों से होती हुई श्वास नली के द्वारा फेफड़ों तक जाकर वहाँ से नाईट्रोजन प्रश्वास द्वारा बाहर निकाल देती है। शरीर का संतुलित तापमान बनाए रखती है। वायु की शुद्धि सूर्य किरणों, जल, ऋतु परिवर्तन के अतिरिक्त अग्निहोत्र से होती है।

शुद्ध वायु में प्रातः-सायं नंगे पैर तथा नंगे शरीर भ्रमण से लम्बे व गहरे सांस लेने, मालिश, व्यायाम, अष्टांग योग (यम, नियम, आसन, प्राणायम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) से वायु तत्व की शरीर में वृद्धि होती है। यम में–अहिंसा, सत्य अपरिग्रह ब्रह्मचर्य तथा अस्तेय सम्मिलित हैं तथा नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा ईश्वर भक्ति सम्मिलित हैं। अपनी सामर्थ्य तथा आवश्यकता के अनुसार कुशल व प्रशिक्षित योगाचार्य के सान्निध्य व परामर्श से कुछ आसन, प्राणायाम तथा षठ यौगिक क्रियाएं नेति, जलनेति, धौति, बस्ति, नौलि, त्राटक) षट, चक्रों यथा मूलाधार, स्वाधि स्थान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्धि तथा आज्ञा चक्र की शुद्धि तथा कुछ हस्तमुद्राएं विशेषकर ज्ञान, वायु, सूर्य, लिंग, पृथ्वी, प्राण, अपान, शून्य, हृदय, वरुण आदि भी वायु तत्व की वृद्धि करते हैं।

वायु तत्व को बढ़ाने वाले खादय पदार्थ हैं, फल, दूध, दही, हरे साग-सब्जियाँ, चोकर सहित गेहूँ के आटे की रोटी, छिलके सहित दाल तथा हाथ का कुटा बिना पॉलिश के चावल।

3. अग्नि तत्वः–

अग्नि दृश्य तत्व है। इसका स्रोत भी प्रकाश के समान सूर्य ही है। सूर्य किरणों

से विटामिन-डी नि:शुल्क प्राप्त होता है जिसमें हड्डियाँ मजबूत होती हैं। पसीने के रूप में शरीर की गंदगी बाहर निकलती है, पाचन क्रिया में सुधार तथा नाड़ी तंत्र स्वस्थ होता है। चिकित्सा के रूप में स्वस्थ्य होता है। चिकित्सा के रूप में गरम बोतल, गरम बालू की थैली, गरम ईंट, गरम वायु, गरम पत्थर, भाप तथा गरम जल आदि की सिकाई तथा भाप स्नान और गरम जल से स्नान लाभकारी है।

4. जल तत्व:-

जल तत्व भी दृश्य तत्व है। जल तथा रस अपने शुद्ध रूप में राक ही हैं। परन्तु अन्य भौतिक पदार्थों के संयोग से जल गंदा, मीठा, कसैला, खट्टा तथा नमकीन आदि हो जाता है।

इसका कार्य वस्तुओं को गीला करके मिट्टी आदि को पिण्डाकार रूप बना देना, प्राणियों की प्यास तृप्त करके उन्हें जीवित रखना, ताप की निवृत्ति करना, शरीर की वाह्य व आन्तिरिक स्वच्छता प्रदान करना, भ्रम, क्लान्ति, मूर्छा, पिपासा, तंद्रा, वमन, विबंध, निद्रा आदि को दूर करना है। जल ही षट रसों का कारक है। जल शरीर के तापमान को स्थिर रखता है, त्वचा की कार्यशीलता बढ़ाता है, रक्तचाप को नियमित रखता है, नाड़ियों को उत्तेजित करता है, हृदय की क्रियाशीलता को बढ़ाता है। मांस-पेशियों व त्वचा के समीप रक्त कोषों को संकुचित करता है तथा श्वास क्रिया को मध्यम करता है।

इस प्रकार जल स्वयं में एक महत्वपूर्ण औषधि है। हमारे शरीर में लगभग 70 प्रतिशत जल है। विभिन्न प्रकार के स्नान, तैरना, समुद्र स्नान, झरना स्नान, खनिज जल स्नान, गीली चादर लपेट, संपूर्ण स्नान तथा स्थानीय स्नान (जैसे-कटि स्नान, पैर स्नान, तलवा स्नान, रीढ़ स्नान, नेत्र स्नान, मेहन स्नान, कर्ण स्नान, गुदा स्नान) भीगी पट्टियाँ आदि जल तत्व की वृद्धि करती हैं। तथा अनेक रोग दूर करती हैं। प्रतिदिन कम से कम 8-10 ग्लास पीना चाहिए। प्रात:काल उठने के बाद उषा पान (जलपान) घूँट-घूँट करके धीरे-धीरे पीना चाहिए।

जल इस प्रकार पीना चाहिए जैसे ठोस पदार्थ खा रहे हों। जल सदैव बैठकर पीना चाहिए। जल को भोजन के 1 घंटा पहले तथा 1 घंटा बाद में पीना चाहिए। यदि रात्रि में तांबे के बर्तन में रखा पानी, अथवा तांबे का सिक्का डाला हुआ पानी पिया जाए तो ज्यादा लाभकारी होता है। पानी में एक नींबू तथा नींबू व शहर भी मिलाया जा सकता है।

एनिमा तथा जलनेति का प्रयोग कई बीमारियाँ दूर करती है।

5. पृथ्वी तत्व:-

पृथ्वी अथवा मिट्टी में पाँचों गुण हैं। यह दुर्गन्ध नाशक है, शरीर का तापमान स्थिर रखती है व जल को निर्मल करती है।

मिट्टी के कई प्रकार हैं जैसे-लाल, पीली, काली, सफेद, मुल्तानी, सज्जी, बालू आदि।

मुल्तानी मिट्टी तथा लाल मिट्टी (गेरू) का प्रयोग अनेक बीमारियों विशेषकर त्वचा तथा सिर के रोगों में तथा सौंदर्य प्रसाधनों में होता है।

मिट्टी की पट्टी अनेक प्रकार से शारीरिक दर्द दूर करती है तथा विजातीय द्रव्य सरलता से बाहर निकाल देती है।

सूखी, गीली मिट्टी से स्नान, पंक स्नान, रज स्नान, ठंडी, गरम, मिट्टी की पट्टी तथा बालू भक्षण का प्रयोग अनेक रोगों में होता है। नंगे पैर घास पर अथवा मिट्टी में चलने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है।

प्राकृतिक चिकित्सा के मूल सिद्धान्त

स्वास्थ्य का अर्थ है स्व में स्थिति। अर्थात् शारीरिक, मानसिक, आत्मिक तथा सामाजिक स्वास्थ्य। स्वस्थ शरीर में रोगों से लड़ने की अद्भुत क्षमता है। बाहरी हानिकारक तत्वों से सुरक्षा तथा आन्तरिक टूट-फूट की मरम्मत करने की भी क्षमता है। वैक्टीरिया से लड़ने के लिए श्वेत कणों का शरीर में निर्माण सतत प्रक्रिया है। अत: विजातीय द्रव्य शरीर में न जाएं अथवा रासायनिक प्रक्रिया आदि से पैदा अवशिष्ट तथा विजातीय द्रव्य शरीर से बाहर निकलते रहें तो व्यक्ति स्वस्थ रहता है। विजातीय तत्व पाँच तत्वों तथा महतत्व को असंतुलित करके बीमारी पैदा करते हैं।

सभी बीमारियों की जड़ कब्ज है। जब अवशिष्ट पदार्थ मल, मूत्र स्वेद आदि के द्वार बाहर निकलने के बजाए मलाशय, बड़ी आँत अथवा शरीर के अन्य भागों में सड़ने लगते हैं। तो कब्ज तथा त्वचा रोग तो होते हैं। ये तत्व रक्त में मिलकर पूरे शरीर में संचरण करते हुए किसी भी भाग पर आक्रमण करके हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को भी खराब कर देते हैं। इस पद्धति में आहार ही औषधि है किसी अन्य प्रकार की। औषधि की आवश्यकता नहीं है। यदि हम संतुलित आहार लेते रहें तथा प्रकृति के नियमों का पालन करते रहें।

हमें केवल भूख लगने पर ही खाना चाहिए, बिना भूख के नहीं। पानी खाना खाने से 1 घंटे पहले तथा 1 घंटे बाद में पीना चाहिए।

हमें भोजन अच्छी प्रकार से चबाकर खाना चाहिए जिससे जिव्हा की 6 ग्रंथियों से निकलने वाले रस तथा लार उसे बारीक पीसकर तल बनावे जिसे पाचन तंत्र के अन्य भागों पर ज्यादा भार न पड़े। तथा पानी को भी धीरे-धीरे, छोटी-छोटी घूँट-घूँट करके पीना चाहिए जैसे हम ठोस पदार्थ खा रहे हों। हमारा भोजन सात्विक, सुपाच्य, पौष्टिक, ताजा तथा संतुलित होना चाहिए।

जीवित (बिना पके) खाद्य पदार्थ जैसे अकुंरित अनाज, दालें, फल, कच्ची सब्जियाँ, मूली, खीरा, ककड़ी, टमाटर, लौकी आदि ज्यादा लाभदायक हैं।

हमारे शरीर में 20 प्रतिशत अम्ल तथा 80 प्रतिशत क्षारीय द्रव्य है। अत:

हमारे भोजन में भी इनका यही अनुपात होना चाहिए।

संतुलित तथा पौष्टिक भोजन में निम्न तत्व हमारे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं।

1. कार्बोहाईड्रेट्सः–

स्टार्च तथा ग्लूकोज शरीर में ऊतकों का निर्माण तथा शरीर को शक्ति प्रदान करके, पाचन गति तेज करके पेट साफ करते हैं। ये गेहूँ, चावल, जौ, मक्का, मटर, मसूर, आलू, चुकन्दर, शकरकंदी, शक्कर, शहद तथा सेब आदि में पाये जाते हैं।

2. प्रोटीनः–

शरीर के निर्माण तथा बीमारियों के वैक्टीरिया से लड़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। अम्ल तथा क्षार को संतुलित करते हैं; यकृत में एकत्रित होकर शरीर को ऊर्जा देते हैं। शरीर में स्थित 600 खराब कोशिकाओं के निर्माण में सहायता करते हैं। आमाशय में पहुँचकर प्रक्रियाओं में शामिल होकर रक्त में मिल जाते हैं।

प्रोटीन, अनाज, दालों, पनीर, मक्खन, दुग्ध तथा दुग्ध पदार्थों के अतिरिक्त पशु मांस में भी उपलब्ध है।

3. वसाः–

फैट शरीर में ऊर्जा प्रदान करती है। यकृत में ऑक्सीकरण के बाद यह ऊतकों को एकत्रित करके जोड़ने में सफल होती है। आन्त्राशय में जाकर ये अम्ल बन जाती है।

वसा के स्रोत हैं–दूध, घी, मक्खन, पनीर, सरसों, नारियल, तिल, जैतून, सूरजमुखी तथा अन्य तिलहन तथा काजू, अखरोट आदि मेवे तथा मांस-मछली आदि हैं।

4. विटामिन–

शरीर में ऊर्जा पैदा करके चयापचय मेटाबाल ऊर्जा को आवश्यक ऊर्जा देकर शरीर के विकास में सहायक होती है। कुछ विटामिन जैसे बी-1,2, 6, 12 जल में घुलनशील हैं तथा कुछ ए.डी.ई.के. वसा में घुलते हैं।

(i) विटामिन-ए–आँखों, त्वचा तथा ऊतकों को स्वस्थ रखते हैं। इनकी कमी से रतौंधी रोग तथा त्वचा शुष्क हो जाती है। ये दूध, मक्खन, घी, पनीर, पीले फल, सब्जियों तथा मछली के तेल में मिलते हैं। इनकी कमी से बेरीबेरी रोग होता है।

(ii) विटामिन-बी–मांसपेशियों को मजबूती तथा कार्य करने की ऊर्जा प्रदान करती है। इनकी कमी से मांस पेशियों में कमजोरी पैदा होती हैं। ये चावल, गेहूँ, खमीर, पनीर, दूध, दही, हरी व पत्तेदार सब्जियों, अंकुरित अनाज आदि में मिलते हैं।

(iii) विटामिन-सी–दन्त, मसूढ़ों, हड्डियों के जोड़ मजबूत करती है। इसकी कमी से स्कर्वी रोग तथा मसूढ़ों से रक्त बहता है। विटामिन-सी खट्टे व क्षारीय फलों, हरी मिर्च, नींबू, संतरा, मौसमी, आंवला, अमरूद आदि में मिलते हैं।

(iv) विटामिन-डी–विटामिन-डी से हड्डियों व दांतों को मजबूती मिलती है। विटामिन-डी की कमी से हाथ-पैर की हड्डियाँ मुड़ जाती हैं तथा उनका आकार विकृत हो जाता है। ये सूर्य की रोशनी, दूध, दुग्ध पदार्थ अण्डे व मछली के तेल में मिलते हैं।

(v) विटामिन-ई–विटामिन-ई प्रजनन तंत्र को मजबूत करती है तथा इसकी कमी से नपुंसकता हो सकती है। हरी सब्जियाँ, टमाटर, विभिन्न खाद्य तेल आदि में उपलब्ध होती है।

विटामिन के रक्त को बहने से रोकता है। कमी से अत्यधिक रक्त प्रवाह हो जाता है। स्रोत हैं–हरी व पत्तेदार सब्जियाँ।

5. खनिजः–

(i) कैलशियम–शारीरिक क्रियाशीलता, दांतों व हड्डियों निर्मित करके मजबूती देती है, मांसपेशियों तथा तंत्रिकाओं के निर्माण में सहायक है। इसकी कमी से रिकेट रोग होता है। ये दूध, घी, मक्खन, पनीर, मूली, गोभी, बादाम आदि मेवा व अण्डे में उपलब्ध है।

(ii) सोडियम–नमक को संतुलित करता है।

(iii) फासफोरस–मस्तिष्क मजबूत करता है, कैलशियम व विटामिन-डी के साथ मिलकर हड्डियों को मजबूत करता है। इसकी कमी से शरीर में चीटियाँ से चलती हैं तथा हाथ-पैर सो जाते हैं, सुन्न हो जाते हैं।

(iv) क्लोराइड–नमक से प्राप्त होता है तथा अम्ल व क्षार को संतुलित करता है।

(v) पोटेशियम–नाड़ी संस्थान के आवेगों से संचालन में सहायक है। इसकी कमी से शरीर में क्षार तत्व बढ़ जाता है। यह दुग्ध, अण्डा, मांस, मछली में मिलता है।

(vi) मैगनेशियम–नाड़ियों की क्रियाशीलता में सहायक है। इसकी कमी से हाथ-पैर में कम्पन की बीमारी होती है।

(vii) लोहा–कोशिकाओं तथा ऊतकों को ऑक्सीजन पहुँचाता है। इसकी कमी से शरीर में कमजोरी व थकान महसूस होती है। यह पालक, बथुआ, बैगन, अनार, सेब, टमाटर, आंवला, अमरूद आदि में मिलता है।

(viii) जिंक–कोशिकाओं की वृद्धि में सहायक है।

(ix) तांबा–हीमोग्लोबिन के निर्माण में सहायक है। इसकी कमी से हड्डियों के रोग होते हैं, गेहूँ, अण्डा, मास आदि में उपलब्ध है।

(x) आयोडीन–थाईरायड ग्रंथियों में थाईरोक्लीन हारमोन बनाता है। इसकी कमी से गलण्ड रोग होता है।

(xi) मैगनीज–मैगनीज की कमी से मांसपेशियों तथा हड्डियों के जोड़ कमजोर होते हैं।

(xii) फ्लोराईड–हड्डियों व दांतों को मजबूत करता है।

(xiii) जल–जल भोजन को चबाकर पचाने योग्य बनाकर (लार के मिलने से)

स्थापित ® 1935 अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण केन्द्र

मेडिकल हाऊस सन 1935 से चिकित्सा सम्बधी पुस्तकों का प्रकाशन एवं मासिक चिकित्सा देहली पत्रिका का गत 57 वर्ष से सफल सम्पादन करता आ रहा है। अब संस्था ने निर्णय लिया है कि योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को जन–जन तक पहुचाया जाये आजकल प्राकृतिक चिकित्सा की मांग निरन्तर बढ रही है। अनेक प्रतिष्ठानों में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सकों के लिए रोजगार के स्वर्ण अवसर उपलब्ध हो रहे है। हैल्थ क्लब मे भी योग एवं प्राकृतिक चिकित्सकों की मांग होती है। बीमार एवं विकलांग व्यक्तियों का नियमित अभ्यास कर प्राकृतिक चिकित्सा से अच्छे लाभ प्राप्त होते है। असाध्य रोग, दमा, गठिया, गैस नाक, कान, गला, साईटिका के दर्द, रक्तचाप, मानसिक रोग, मधुमेह, शारीरिक दुर्बलता, नेत्र रोग, पोलियो आदि रोगों का सफलता पूर्वक उपचार किया जा सकता है। उपरोक्त कथन का भावार्थ यह है कि आप प्राकृतिक चिकित्सक Diploma in Naturopathy & Yogic Science (D. N. Y. S.) तीन वर्षीय परीक्षा उत्त्तीर्ण कर सफल चिकित्सक बन सकते है।

Rs.150.00



Rs.30.00

Rs.50.00

Rs.200.00

Rs.25.00

Rs.40.00

Rs.100.00

Rs.40.00

Rs.60.00



Rs.40.00



Rs.80.00

Rs.40.00

Rs.60.00

Rs.60.00



Rs.40.00

Rs.200.00

Rs.40.00

Rs.50.00

Rs.80.00

Rs.60.00



Rs.40.00



Rs.60.00

Rs.70.00

Rs.30.00

स्थापित-1935 ®

मेडिकल हाऊस

ए हेल्थ केयर सेन्टर फार नेचुरोपैथी

चिकित्सा सम्बन्धी पुस्तकों के प्रकाशक एवं विक्रेता	अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षण केन्द्र	होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक दवाईयों के विक्रेता

ई-8, पटेल नगर-II, (मार्केट), गाजियाबाद (उ0प्र0) 201001

Phone : 0120-4210257, 2835551, 9818647747, 7838958380

Visit : www.medicalhousedelhi.com, www.sexayurveda.com

E-mail : info@medicalhousedelhi.com

प्राकृतिक, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, ऐलोपैथिक, स्त्री एवं बाल रोग, पुरूष गुप्त रोग, ज्योतिष एवं वास्तु, एक्यूप्रेशर सम्बन्धी पुस्तकें एवं उपकरण, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक दवाईयाँ सभी मदर टिंक्चर्स, पोटेंसी, (इंडियन एवं जर्मन) सौन्दर्य मेकअप के उत्पाद उपलब्ध है।

वात रोग, मधुमेह, सफेद दाग, पथरी रोग, बवासीर, दमा एवं क्षय रोग, बालों के रोग, पुरूष गुप्त रोग, मोटापा, कील मुहाँसे और झाईया, शराब छुड़ाने के सफल योग उपलब्ध है।

M.I.M.S. DELHI मासिक चिकित्सा देहली का सदस्य बनने के लिए 260/– रू0 एवं 1 फोटो पासपोर्ट भेजकर अंक व प्रमाण पत्र, परिचय पत्र प्राप्त करें।

तथा रस में मिलाकर रक्त में समाहित करता है तथा प्रत्येक कोशिका तक भोजन को पहुँचाता है। अवशिष्ट (त्याज्य) पदार्थों को मल-मूत्र, स्वेद आदि के माध्यम से शरीर से विर्सजित करके आन्तरिक शुद्ध करता है। इस प्रकार शरीर को निरोग रखने में सहायक है।

6. क्षारतत्वः–

जैसा कि कहा जा चुका है भोजन में क्षार तत्व 80 प्रतिशत होने चाहिए इनके स्रोत निम्न हैं–क्षारीय सब्जियाँ, पत्ता गोभी, ककड़ी, खीरा, चना व सरसों का शाक, बथुआ, मूली, शलजम के पत्ते तथा टमाटर ये सभी बिना पकाए भी खाए जाते हैं।

श्वेत क्षारीय सब्जियाँः–मूली, शलजम, प्याज, फूलगोभी, गाजर, चुकन्दर, तोरी, लौकी, गाजर, लहसुन आदि (कच्ची खाई जा सकती हैं)। सभी क्षारीय फल हैं जैसे–मौसमी, संतरा, चकोतरा, नींबू आदि सभी मीठे फल जैसे खूजर, अंजीर, केला, पपीता, आम, अमरूद आदि।

अर्ध खारे फल–सेब, नाशपाती, खुबानी, अनानास, अनार आदि।

इसक अतिरिक्त हमारी दिनचर्या स्वस्थ व ऋतुचर्या के अनुकूल होनी चाहिए।

ऋतुएं 6 हैं–1. वसंत, 2. ग्रीष्म, 3. वर्षा, 4. शरद, 5. हेमन्त तथा 6. शिशिर।

वसंत ऋतु–शीत व ग्रीष्म का संधि काल है।

हेमन्त तथा शिशिर के संचित कफ सूर्य की किरणों से द्रवित होकर कुपित होता है। फलस्वरूप खांसी, जुकाम, गले में खराश, टांसिल में सूजन शरीर में सुस्ती तथा भारीपन रहता है। जठराग्नि मंद हो जाती है। कटु, तिक्त, काषाय खाद्य पदार्थ लेने चाहिए। चिकने, खट्टे तथा मीठे पदार्थ कम खाने चाहिए। प्रातःकाल जल्दी उठकर योग प्राणायाम तथा सैर आदि करनी चाहिए।

ग्रीष्म ऋतु–ग्रीष्म ऋतु में तेज लू चलती है तथा गर्मी ज्यादा होती है। पृथ्वी का जलीय अंश कम हो जाता है।

अतः शीतल तरल मधुर स्निग्ध पदार्थों जैसे ठंड़ाई, शिकंजी, बेल, मौसमी, अनार, अंगूर, खरबूजा, तरबूज, सत्तू आदि का सेवन करना चाहिए तथा हल्के रंग के सूती वस्त्र लाभदायक हैं। इस मौसम में पित्त सम्बन्धी रोगों से बचाव करें तथा हरी सब्जियाँ, हरा धनिया, पोदीना आदि का सेवन उपयोगी है।

वर्षा ऋतु में जठराग्नि ज्यादा मंद हो जाती है तथा वात दोष कुपित होता है। अजीर्ण व थकान होती है। मच्छर, मक्खी आदि के कारण मलेरिया, हैजा, पीलिया, अतिसार तथा डेंगू आदि रोग फैलते हैं। इस ऋतु में सुपाच्य, सादा भोजन, तिल का तेल, नींबू, अदरक, आम, जामुन आदि का प्रयोग करना चाहिए तथा वातावरण व शरीर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

शरद ऋतु को सभी रोगों की माता कहते हैं। इस ऋतु में पित्त रोग, ज्वर, पेचिश, उल्टी, दस्त, मलेरिया आदि फैलते हैं। मीठे, तिक्त, काषाय, पदार्थ जो पित्त दोष का शमन करें लेने चाहिए। इस मौसम में सब्जियों का प्रयोग कम करके दूध, गेहूँ, ज्वार मक्का, चावल, सिंघाड़े, बादाम, खजूर, आंवला, काली मिर्च, सौंफ आदि का ज्यादा प्रयोग करना चाहिए।

हेमन्त ऋतु में सूर्य की किरणें ज्यादा प्रखर नहीं होतीं। खानपान वस्त्र आदि का चुनाव उसी प्रकार करना चाहिए।

शिशिर ऋतु में जठराग्नि सुरक्षित रहती है तथा सर्दी बढ़ जाती है। खट्टे-मीठे पदार्थ, मक्खन, दूध, घी, तेल, गेहूँ, गुड़, उड़द, गन्ना, आंवला, हरे साग, गहरे रंग के गरम व ऊनी वस्त्र लाभदायक हैं।

ठंड से बचाव तथा सूर्य स्नान (धूप सेंकना) करना चाहिए

भोजन करने के अन्य नियम– शान्तचित्त प्रसन्न मन तथा एकाग्र होकर भोजन करना चाहिए। टी.वी., पत्र-पत्रिकाओं तथा बातचीत से दूर रहना चाहिए। हमारा मस्तिष्क अन्तःस्रावी ग्रंथियों के माध्यम से हमें संदेश भेजता है। कि अब हमारा पेट भरने वाला है। अतः भोजन बन्द कर देना चाहिए। परन्तु एकाग्र चित्त न होने पर हम संदेश को पकड़ नहीं पाते तथा हम आवश्यकता से अधिक भोजन कर जाते हैं जो बाद में परेशानी पैदा करता है। कभी-कभी मस्तिष्क भी संदेश को पकड़ नहीं पाते तथा हम आवश्यकता से अधिक भोजन कर जाते हैं जो बाद में परेशानी पैदा करता है। कभी-कभी मस्तिष्क भी संदेश देना भूल जाता है। हमें प्रयास करना चाहिए डिब्बा बंद, जंकफूड, फास्टफूड आदि का प्रयोग न करें तथा प्लास्टिक के बर्तनों में न खाएं। अंकुरित अनाज व दालें, गेहूँ के ज्वारे तथा फल व हरी सब्जियाँ बिना पकाए खाया करें। भोजन ज्यादा जीवित तथा कम मृत (पकाया हुआ हो) होना चाहिए। इस प्रकार प्राकृतिक नियमों का पालन करके तथा उचित खानपान रखकर हम रोग मुक्त रह सकते हैं तथा रोग होने पर साधारण चिकित्सा से स्वस्थ रह सकते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा में सबसे बड़ी समस्या प्रदूषण की है। अशुद्ध जल ने नदी सरोवर तथा सागर ही नहीं पृथ्वी के अंदर तक प्रदूषण फैला दिया है। परिणाम स्वरूप पीने का स्वच्छ जल, कृषि, फल, फूल, सब्जियाँ तथा वृक्षों पर पैदा होने वाले फल भी शुद्ध नहीं रहे। सुख सुविधा प्रदान करने वाले उपकरण जैसे–टी.वी., ए.सी. तथा वाहन आदि तथा इन्हें चलाने तथा बनाने वाले उद्योग तो बहुत ही ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं। फिर भी हम प्राकृतिक चिकित्सा के कुछ माध्यम, ध्यान उपासना, प्रकृति संरक्षण, योग, भक्तियोग, राजयोग का सहारा लेकर तथा एक्यूप्रेशर, पंचर, रेकी, विपश्यना प्रेक्षा आदि का सहारा लेकर तथा ध्यान सकारात्मक सोच के आधार पर काफी कुछ स्वस्थ रह सकते हैं। प्रकृति प्रदत्त जड़ी-बूटी तथा घर की रसोई में उपलब्ध होने वाले कुछ मसाले, हल्दी, अदरक, सौंफ, काली मिर्च आदि का प्रयोग भी स्वस्थ जीवन में सहायक है। ■

आधे सिर के दर्द की प्राकृतिक चिकित्सा

■ डॉ. मदन गोपाल बाजपेयी

जून माह में मेरी बांदा चिकित्सालय में जिले के एक प्रथम श्रेणी अफसर की पत्नी आयु 46 वर्ष आई। उनकी मुख्य समस्या अधकपारी (आधे सिर का दर्द) की थी। चेहरे पर निराशा, थकावट और परेशानी के भाव लिए उसने आते ही पूछा कि क्या मेरा यह अधकपारी का दर्द समाप्त हो सकता है?

मैने नाड़ी, जिह्वा पेट का परीक्षण किया और फिर कहा कि आपका शरीर तो लगातार रोग को भगाने का प्रयास कर रहा है किन्तु उसे आप जाने कहाँ दे रही हैं? उस महिला ने कहा कि यह कैसे?

मैंने कहा कि अच्छा आप रोग की शुरूआती दौर से लेकर समाप्ति तक के लक्षण बताने का कष्ट करें। उसने बताया कि **जिस दिन अधकपारी का दौरा आना होता है।** उस दिन सुबह से ही चक्कर, मितली, आँखों के आगे चिनगारी, झुनझुनाहट का अनुभव होता है। इसके पश्चात् आधे सिर में दर्द की धीरे-धीरे शुरूआत होती है। **दर्द के साथ-साथ उल्टी हो जाती है तो दर्द में शान्ति मिलती है।** जम्भाइयाँ भी आती हैं, सोने की इच्छा होती है। यदि नींद आ जाती है तो दर्द हल्का पड़ जाता है। मैंने कहा कि फिर आप क्या करती हैं?

उसने कहा कि **दर्द की गोली** डॉक्टर से लिखवाकर रखे हुए हूँ। उठाकर खा लेती हूँ। जिससे राहत मिल जाती है पर कभी-कभी तो ये गोलियाँ भी राहत नहीं दे पातीं। मैंने कहा कि अब तो आप समझ गई होंगी कि आपका शरीर रोग से छुटकारा पाने का किस तरह प्रयास करता है? आपने बताया कि अगर उल्टी हो जाती है तो दर्द शान्त हो जाता है और नींद आने पर भी दर्द शान्त हो जाता है। उपरोक्त लक्षण इस बात के प्रमाण हैं कि शरीर में अवांछित **पित्त (विकार) संचित है** और यह संचय शरीर की सहन क्षमता पार कर चुका है। इसके बावजूद भी शरीर उसे उल्टी से बाहर फेंकने का प्रयास कर रहा है। किन्तु आप उसे दवाइयाँ खाकर रोकने का प्रयास कर रही हैं। **सोने से दर्द में शान्ति** का मतलब है कि शरीर पूर्ण विश्राम यानि नाड़ी तंत्र का आराम चाह रहा है न कि नाड़ी तंत्र की उत्तेजना। अब इस रोग का स्थायी उपचार एकदम स्पष्ट है–**वह है शरीर शोधन।** यदि शरीर के भीतर जमा अवांछित पित्त (विकार) को बाहर कर दिया और फिर नाड़ी तंत्र को विश्राम दायक आहार-विहार की व्यवस्था कर दी जाए तो आप हमेशा-हमेशा के लिए रोगमुक्त हो जाएंगी यदि दवाइयों से इसे दबाते रहेंगे तो किसी न किसी जीर्ण रोग से ग्रस्त होने की प्रबल संभावना रहेगी। दमा, गठिया, मधुमेह आदि जीर्ण रोग छोटे-मोटे रोगों को दबाए जाने के दुष्परिणाम हैं।

अभी-अभी अमेरिका से प्रकाशित एक आंकड़े से स्पष्ट हुआ है कि अमेरिकी बच्चे व किशोर जरूरत से ज्यादा दर्द निवारक दवाओं का सेवन कर रहे हैं। लेकिन इस बात का आभास उनके माता-पिता को नहीं हो पाता। बैंकुअर में आयोजित अमेरिकन हेडेक सोसाइटी की सालाना बैठक के दौरान इस सम्बन्ध में एक रिपोर्ट जारी की गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 6 से 18 साल की उम्र के 20 प्रतिशत बच्चे व किशोर दर्द निवारक दवाओं का इस्तेमाल करना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ओहियो स्थित क्लीनिक के अनुसार पांच में एक बच्चा अधिक मात्रा में दर्द निवारक दवा का इस्तेमाल कर रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार हर डॉक्टर की जिम्मेदारी है कि बार-बार सिर दर्द की शिकायत करने वाले बच्चे को आवश्यक दवा की समुचित मात्रा के बारे में जरूरत बताएं, क्योंकि दर्द निवारक दवा के अत्याधिक इस्तेमाल किडनी फेल होने व गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव का खतरा रहता है। अनुमान है कि अमेरिका में 15 साल की उम्र में 15 प्रतिशत किशोरी को लगभग रोज सिरदर्द की शिकायत रहती है। इन वजहों से उन्हें दर्द निवारक गोलियों का आश्रय लेना पड़ता है।

वाशिंगटन में हुए एक रिसर्च के अनुसार दर्द निवारक गोलियों के अधिक प्रयोग से **गुर्दे व जिगर काम करना बन्द कर सकते हैं** तथा अन्य समस्याएं भी पैदा हो सकती है। डॉ. रोटनर के अनुसार सिरदर्द की शिकायत होना असामान्य नहीं किन्तु इसके निवारण के लिए गोलयां अधिक संख्या में लेने से तकलीफ दूर होने के बजाय बढ़ जाती है कई बार तो इन गोलियों के कारण सिरदर्द होने लगता है। एरिजोना के एक तंत्रिका तंत्र विशेषज्ञ **डॉ. डोडिक ने कहा है** कि सप्ताह में तीन दिन दर्द निवारक गोलियां लेना भी खतरनाक है।

दवा वादियों का भ्रम–यह निश्चित है कि अधकपारी एक कष्टदायक बीमारी है किन्तु जैसा कि दवावादी चिकित्सकों का मत है कि **यह असाध्य रोग है तो यह बात पूर्णतः अमान्य है।** प्रायः हर जीर्ण रोग में दवावादियों की असफलता का कारण यह है कि वे उसका कारण शारीरिक यांत्रिक पगबड़ी या कीटाणुओं के प्रभाव के रूप में खोजना चाहते हैं।

आयुर्वेदीय दृष्टिकोण में–आयुर्वेदीय दृष्टिकोण में यह बात डंके की चोट पर उद्घोषित है कि रोग का नाम जो दिया जाये और जैसी गड़बड़ी आ जाये सभी का एक ही कारण है-**मनुष्य का गलत रहन-सहन और खान-पान से** शरीर को निर्मल करने वाले अंगों में कार्य भार लद जाता है और वे अपना कार्य सही ढंग से करने में असमर्थ हो जाते हैं और शरीर में अवांछनीय तत्व (विकार) इकट्ठे होने लगते हैं। इसके बावजूद भी शरीर अपनी शुद्धि का प्रयास करता है किन्तु हम इसे दवाओं के द्वारा दबाने का प्रयास करते हैं जो जीर्ण रोग के रूप में प्रकट होते हैं।

स्थायी रोग मुक्ति कैसे हो...?–अब इस रोग से हमेशा के लिए कैसे मुक्ति मिले जब इसका विचार शुरु करते हैं तो हमें रोग होने के कारणों पर जाना होगा, ताकि उन्हें दूर किया जाये। आयुर्वेद में संक्षेपत: **क्रिया योगी निदानं परिवर्जनम्।** के अनुसार रोग के कारण को दूर करना ही रोग का स्थायी समाधान माना है तो इस रोग के कारण माधवकार ने इस प्रकार बताये हैं–

रुक्षाशनात्यध्शनप्राग्तावश्यमैथुनै:
वेग संधारणायासव्यायामै: कुपितोऽनिल:।।
केवल: सकफो: गृहीत्वा शिरसाबली।
मन्याभ्रूशंखकर्णाक्षिललाटर्धेऽतिवेदनाम्।।

रुखा (भुना, चटपटा) भोजन, अत्याधिक भोजन, भूख न होने के बावजूद भी भोजन करने **अधिक पुरवाइया वायु,** ओस (आजकल लगातार, कूलर, एयर कंडीशनर) में रहने, अति मैथुन, मल-मूत्र, वमन, आंसू, छींक, भूख, प्यास, पसीना आदि के वेगों को जबरदस्ती रोकने, शक्ति से अधिक परिश्रम, व्यायाम करने (समुचित विश्राम न करने) से शरीर की वायु कुपित होकर अकेले या कफ के साथ मिलकर और बलवान होकर सिर के आधे भाग को जकड़कर मन्या, भौह, शंख, कान, आंख तथा मस्तक के आधे भाग में वेदना पैदा करता है।

इस प्रकार आपने समझ लिया कि गलत रहन-सहन और खान पान से किस प्रकार वायु कुपित होकर रोग को पैदा करती है तो अब हमें इस रोग के हमेशा के लिए छुटकारा पाने के लिए वायु का शमन करना होगा। आपने पूर्व अंकों में पढ़ा होगा कि आयुर्वेद के मतानुसार वायु का प्रमुख स्थान **पक्वाधाने विशेषत:** के अनुसार पक्वाशय (आते) है और वायु को शमन करने के लिए सर्वोत्तम एवे अमोघ चिकित्सा वस्ति कर्म है। सुश्रुत ने **वस्तिर्वाते** कहा है।

वस्ति कर्म के लिए अमलतास के गूदे का एक लीटर क्वाथ तैयार कर 20-25 मिली. एरण्ड तैल मिला निरुह वस्ति देवें। वस्तिकर्म से पूर्व यदि पेट पर गरम ठण्डी सेंक दी जाये, तो पक्वाशय में आकुंचन और प्रसारण क्रिया होगी फिर मिट्टी की पट्टी 30 मिनट तक के लिए रख दी जाये तो पक्वाशय में जमा मल के निष्कासन में सुविधा होगी और वायु विकृति दूर होगी। निरुह वस्तिकर्म लगातार तीन दिन तक भी दिया जा सकता है फिर आगे हर चौथे दिन वस्ति तीन में तीन दिन ली जाये। वस्ति कर्म के पश्चात शौचालय से जल्दी नहीं भागना चाहिए।

त्वचा की सफाई–शरीर की त्वचा को भी सक्रिय रखने की चिकित्सा करनी चाहिए क्योंकि पक्वाशय **कटीसक्थिश्रोत्रास्थिस्पर्श नेन्द्रियम। स्थानं वात्स्य तत्राऽपि पस्वाधानं विशेषत:।** के अनुसार वायु का सम्बन्ध त्वचा से भी रहता है। त्वचा को स्वस्थ रखने के अनेक उपाय हैं। यथा स्नान। पर त्वचा के सभी रोमकूप उन्मुक्त हैं इसके लिए उबटन लगाना चाहिए।

गीली चादर की लपेट या गीली तौलिया से सुबह-शाम पूरे शरीर को रगड़ना चाहिए। पूरे शरीर में मृदा का लेप करके फिर धूप स्नान करने से भी रोमकूप खुल जाते हैं। उपरोक्त में कोई भी एक क्रिया भी एक क्रिया लगातार 2-3 दिन करने से **त्वचा सक्रिय होकर अपना स्वाभाविक कार्य करने लगती हैं।**

अधकपारी होने का एक कारण लगातार ठण्डी हवा, कूलर, ए.सी. में रहना भी है इससे त्वचा को पसीना निकालने का अवसर नहीं मिलता और जो भी थोड़ा बहुत पसीना निकला वह भी त्वचा द्वारा सोखकर रोमकूपों को बन्द कराता रहता है।

जर्मन की **जामा पत्रिका में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार कूलर,** तेज पंखें की हवा, ए.सी. में रहने वालों में 90 प्रतिशत लोग कभी न कभी किसी चर्म रोग से या दमा से प्रभावित होते हैं।

शरीर के वेगों को रोकने का प्रयास न करें–वमन, दस्त, मूत्र, आंसू, पसीना, छींक, प्यास, डकार, गैस आदि का रोकना स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत बुरा है। कभी अपच हुआ या पेट खराब हुआ, तुरन्त दवा खाकर रोक दिया गया, उल्टी के माध्यम से शरीर ने कुछ अवांछनीय तत्वों को बाहर निकालने की चेष्टा की, आपने दवा खाकर तुरन्त रोक दिया, किन्तु यह विकार किसी न किसी रूप से बाहर निकालने का एक सुलभ उपाय भरपूर पानी पीना भी है। इससे शरीर के विजातीय द्रव्य घुलकर निकलने लगते हैं सिर दर्द के रोगी को प्रतिदिन ढाई-तीन लीटर पानी पीना चाहिए।

नस्य लेना–जैसा कि ऊपर बताया गया है कि वायु के कारण ही सिर में जकड़न सी महसूस होती है इसके लिय नस्य सर्वोत्तम उपाय है। कपूर 2 ग्राम+गाय का घी 10 ग्राम अच्छी तरह घोंटकर एक शीशी में भर लें। दिन में

आधुनिक सुविधाओं से युक्त दिल्ली का विशाल

अध्यात्म साधना केन्द्र नेचुरोपैथी सेन्टर

तनाव,मोटापा, कब्ज, गैस, कमर दर्द, दमा, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, शुगर, त्वचा रोग, साइनस, आदि रोगों से छुटकारा पायें

DETOXIFY YOUR BODY WITH NATUROPATHY

शरीर शोधन द्वारा रोगों से बचें **प्राकृतिक चिकित्सा अपनायें**

डॉक्टर परामर्श | मिट्टी पट्टी | मालिश | भाप स्नान | चादर लपेट | रंग चिकित्सा | योग चिकित्सा | षट्कर्म | आहार परामर्श

मुख्य चिकित्सक: डा0 बी0 के0 गुप्ता

मंदिर रोड छत्तरपुर नई दिल्ली-74 सम्पर्क : 9643300652,55,56,58 Tel. : 26802708

Email: askdelhi201@gmail.com www.askpreksha.com

O.P.D./I.P.D.उपचार समय : प्रात 8-1 बजे सांय 3-6 बजे | विद्यार्थियों के लिए इन्टर्नशिप की व्यवस्था

श्री वैध धनवेतरी नमः

मो.: 9871560904
8802421517,9873143421

शिव प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र

डॉ. शिव शंकर गुप्ता 'साधक'

योगाचार्य, डी.एन.वाई.एस, नाड़ी विशेषज्ञ एवं हास्य व्यंग कवि





☆कमर दर्द ☆घुटनों का दर्द ☆रीढ़ की हड्डी का दर्द ☆रक्तचाप ☆हृदय रोग
☆मोटापा ☆शाइटिका ☆थाइराइट ☆मूत्रा रोग ☆अल्सर ☆पोस्टेड
☆गैस ☆एसिडिटी ☆कब्ज ☆त्वचा रोग

जी-313, शकूर पुर कालोनी निकट सम्राट सिनेमा, एन.एस.पी., दिल्ली-110034

2-3 बार लेटकर नाक के दोनों नथुनामें डाले और ऊपर की ओर तेज सांस खींचें। इससे बहुत लाभ होता हैं। अन्दर स्नेहन हो जाता है और रुक्षता समाप्त होकर जकड़न दूर होती है शार्ङ्धर ने **नासिका हिशिरोद्वारम** कहा है।

पसीना निकालना–अधकपारी में आराम के लिए एक उपाय पसीना निकालना है जिस समय रोगी अधकपानी से पड़प रहा हो उस समय **कपूर मिश्रित घृत** का पर्याप्त नस्य देकर **गरम पाद स्नान कर स्वेदन देना चाहिए।** गरत पाद स्नान से त्वचा और त्वचा और त्वचा के अन्दर स्वेदग्रन्थियां, गुर्दो की अधिवृक्क ग्रन्थियां होंगी, पसीना निकलेगा और हाईपोथैलेमस अपना सुचारु रूप से कार्य करेगी।

गरमपाद स्नान से पहले ठण्डा पानी पी लेना चाहिए और सिर पर गीला कपड़ा रख लेना चाहिए। बीच-बीच में सिर में ठण्डा पानी डालते रहना चाहिए।

आहार सर्वोत्तम औषधि–ऊपर रोग के कारणों में से आहार व्यवस्था की ओर वरीयता से संकेत किया गया है। रुक्ष भोजन, अतिभोजन और बिना भूख के भोजन करना अधकपारी के मूल कारण वायु प्रकोप का प्रमुख कारण कारण माना गया है। अभी तक हम उपचार की बात कर रहे थे पर प्रमाणित तथ्य यह है कि जब तक व्यक्ति अपना आहार नहीं सुधारेगा तब तक उपचार से अपेक्षित लाभ कभी भी नहीं मिलने वाला। सर्वप्रथम आयुर्वेद रे **'आहार ही औषधि है'** के सिद्धान्त का प्रवर्तन किया, फिर प्राकृतिक चिकित्सकों ने इसे अपनाया और अब तो एलोपैथ वालों ने रोग और निरोगी होने में आहार की भूमिका स्वीकार की।

भोजन के सम्बन्ध में सैद्धान्तिक मत है। **मानव रक्त क्षारीय है** हमारे शरीर में क्षार में क्षार और अम्ल का सन्तुलन 80.20 का है। जब तक शरीर में 80 प्रतिशत खारत्व बना रहता है तब तक व्यक्ति स्वस्थ रहता है। किन्तु जब इसमें अम्लत्व की वृद्धि होगी तो एक न एक रोग घेरने लगेंगे। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए हमें चाहिए कि हम क्षार प्रधान आहार लें। क्षार प्रधान आहार है **सभी पके फल और हरी तरकारियां, चोकर सहित आटे की रोटी, कन समेच चावल, कच्चा दूध।** किन्तु अनाज के साथ दूध सेवन से यह भी अम्ल हो जाता है। इसके विपरीत अम्लता प्रधान आहार है। चोकर सहित आटा, पॉलिश किया चावल, सफेद चीनी चाय, काफी, कोल्ड ड्रिंक्स, पूड़ी, पराठा, तला भुना भोजन, शराब, मिर्च मसालेदार वस्तुयें। इसलिए इस रोग की चिकित्सा में भोजन व्यवस्था इस प्रकार रखें, प्रातः नाश्ते में एक पाव मौसमी फल, दोपहर व रात को चोकर युक्त आटे की रोटी, एक पाव उबली सब्जी, बहुत ही हल्का नमक।

विश्राम–अब आयी विश्राम की बारी जो कि रोग मुक्ति में आवश्यक है। इसके लिए समयपर सोना, समय पर जागना, क्रोध, तनाव से दूर रहना, मालिश व फलाहार और फलाहार के समय बस इतनी ही क्रियाओं से आप इस रोग से मुक्त हो सकते हैं फिर शायद ही किसी दवा की जरूरत पड़ेगी यदि जरूरत पड़े भी तो केवल **सूतशेखर रस** सादा 250 मिग्रा.+गोदन्ती भस्म 500 मिग्रा. शहद के दिन में 2 बार 10-15 दिन तक ले लें। ■

केन्द्रीय सरकार के स्तर पर

केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद्,

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित

भारत का पहला

प्राकृतिक चिकित्सालय

सैक्टर-19, रोहिणी जेल के सामने, बाहरी रिंग रोड़, दिल्ली-110085

फोन : 011-65556777

(समय- प्रातः 7.00 बजे से सायंकाल 7.00 बजे तक)

जहाँ पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध हैं:-

- प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग चिकित्सा परामर्श
- जल चिकित्सा, मिट्टी चिकित्सा, मालिश एवं योग चिकितसा आदि की सुविधा
- सामान्य योग कक्षाएँ
- पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग उपचार व्यवस्था एवं योग कक्ष
- दो पारियों में उपचार की व्यवस्था
- खुला एवं प्राकृतिक वातावरण
- पहुँचने में आसान
- प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम-एक मास (60 घंटे)
- पूर्ण सुसज्जित बाह्य रोगी विभाग
- 20 शैय्याओं का अन्तः रोगी विभाग
- रोगियों के लिए प्राकृतिक भोजनालय का प्रबंध

प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग अपनाएँ : स्वस्थ एवं सुखी रहें

कृपया परामर्श, चिकित्सा एवं बुकिंग के लिए संपर्क करें।

फोन : 011-28520430, 65556777

ईमेल : ccryn.goi@gmail.com; वेबसाइट : www.ccryn.org

योग और भोग

भोग के प्रति मनुष्य का सहज आकर्षण है। भोग का क्षेत्र एवं स्वरूप अति विस्तृत एवं विविधतापूर्ण है। योग के विस्तृत एवं विविधतापूर्ण है। योग के विस्तार तथा विविधता की चर्चा पहले की जा चुकी है। यहाँ योग के साथ भोग के संबंध की चर्चा की जाएगी। सुविधा हेतु भोग का वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया जा सकता है-(1) भोगजनित संस्कार एवं संस्कारजनित भोग की दृष्टि से तथा (2) भोग के स्वरूप एवं स्तर के भेद की दृष्टि से।

भारतीय संस्कृति में कर्म-फल का सिद्धांत व्यापक रूप से मान्य है। जैसा कर्म वैसा फल। पूर्व कर्म के कारण ही भोग की सामग्री एवं परिस्थिति दोनों उपलब्ध होती है। साथ ही, उस फल का भोग करते समय भी नए संस्कार उत्पन्न होते जाते हैं जो नए भोगों के पूर्ववर्ती कारण बनते हैं। कर्म-फल के सिद्धान्त की प्रक्रिया में विविधता है, फिर भी मूलतः सहमति है। मन स्वयं योजनाकार, आदतों का वाहक एवं अपना सहज नियामक है। इस प्रकार योग की भोग में दो भूमिकाएँ हो जाती हैं।

सामान्य (संस्कारजनक) भोग में योग की भूमिकाः-

हमारे मन में अनंत सुख पाने की इच्छा है। इसके लिए हम अनंत सामग्री का भोग करना चाहते हैं। योग इस स्तर पर भी भोग का सहायक है, विरोधी नहीं।

योग की दृष्टि विकसित करना एवं उसकी विधियों का लाभ उठाना, दोनों भिन्न बातें हैं। इसे साफ-साफ समझ लेना चाहिए। जैसे योग के अनेक स्वरूप एवं स्तर हैं वैसे ही योग के अभ्यास भी स्थूल एवं सूक्ष्म, कई प्रकार के हैं। विविध अभ्यास, विविध प्रकार से भोग भोगने में सहायक हो सकते हैं। स्थूल एवं सूक्ष्म के अंतर्गसम्बन्धों की अनुकूलता न होने से भोग की योजना या भोग का कार्यान्वयन भोग करने वाले का ही अनिष्ट करता है। इसी प्रकार सूक्ष्म का विरोधी स्थूल योगाभ्यास भी अभ्यासी का अनिष्ट ही करता है।

कल्पनाप्रधान भोग-अनेकों भोगों की इच्छाएँ इस संसार में पूरी नहीं की जा सकती हैं। किन्तु कल्पना की गहन तन्मयता में व्यक्ति को ऐसा प्रतीत होता है कि वह वस्तुतः उसी भोग को भोग रहा है। स्थायी रूप से राज्यपद पाना कठिनतम है किन्तु यह कल्पना करने में और तृप्त होने में उतनी कठिनाई नहीं है कि आज मैं राजा हूँ, राज्य-सुख का भोग कर रहा हूँ।

अति विशिष्टता का यह सुख मनुष्य आंशिक रूप से रंगमंच के अभिनय से लेकर दूसरे की बारात तक में कल्पनापूर्वक भोग लेता है। इसी प्रकार की विधियाँ अनेक हो सकती हैं।

स्वप्नप्रधान भोग-स्वप्न का अनुभव कल्पना के अनुभव से भी अधिक गहरा एवं सुविधाजनक है। भोक्ता को पता नहीं चलता है कि यह सत्य है या नहीं। वह स्वप्न में सत्य ही अनुभव करता है। हमारी अनेक दमित इच्छाएँ स्वप्न में पूरी होती हैं। भोग की कुछ प्रणालियाँ स्वप्न को भी नियंत्रित एवं अनुकूलित करना सिखाती हैं। इससे आप स्वप्न का आनंद अपनी इच्छा के अनुरूप ले सकते हैं।

रेचनामूलक भोग-बहुत सारी इच्छाएँ टूट-फूटकर स्मृतिकोष में अव्यवस्थित हो जाती हैं। वे भीतर में अराजकता के कारण बेचैनी पैदा करती हैं, स्मृति को दूषित करती हैं। इनका स्वभाव है कि ये बहुत सारे स्तर पर संचित नहीं रहतीं हैं। इन्हें कचरा मानकर रेचन की विधियों द्वारा बाहर निकाल दिया जाता है। रेचन के समय की सजगता साक्षीभाव में साधक को उसके मन की अराजक स्थिति से परिचित करा देती है। उस समय अहंकार को थोड़ी चोट तो पहुँचती है किन्तु मन हल्का एवं पहले से अधिक व्यवस्थित हो जाता है।

विश्लेषणात्मक भोग एवं ग्रंथि भेद-आधुनिक मनोविज्ञान के विकास के साथ-साथ दमित इच्छाओं के मानसिक ग्रंथियों में परिणत होने की आजकल खूब चर्चा होती है। रेचन के अभ्यास के अगले चरण में या पूर्व भी ऐसी मानसिक उलझनों को स्मृतिपटल से जाग्रत पटल पर लाकर सत्य एवं वास्तविकता के अनुरूप पुनः संयोजित करने की विधियाँ एवं उस समय के भोग इस श्रेणी में आते हैं।

इस अभ्यास से सांसारिक भोगों के प्रति यथार्थवादी दृष्टि बढ़ने से भोक्ता का सामर्थ्य एवं क्षेत्र बढ़ जाता है। भारतीय योग परम्परा की दृष्टि से जन्म के पूर्व से ही, अर्थात् अनेक जन्म की वासनाओं से बनी कई ग्रंथियाँ अभ्यास एवं सामर्थ्य से नियंत्रित एवं संतुलित की जाती हैं। इन ग्रंथियों की संरचना को जानने एवं उन्हें

नियंत्रित करने की साधना भारतीय दृष्टि से ग्रंथि भेद है।

पूर्व स्मृतियाँ–पूर्व जन्म की स्मृतियाँ संस्कार रूप में भीतर में पड़ी रहती हैं। उनमें सत्य-असत्य, पीड़ा-आनंद आदि अनेक प्रकार की सामग्रियाँ रहती हैं। कुछ स्मृतियाँ सचेत अवस्था की तृप्त स्मृतियाँ होती हैं, कुछ अतृप्त एवं अचेनावस्था की होती हैं।

